| Sl No. | Name and Adress of the agent | Area of Operation |
|---|---|---|
| 9 | M/s. Raman Gas Service, 7, Basurkar Market, Moti Bagh-I, New Delhi-110021. | Moti Bagh I & II, Chanakyapuri, Anand & Shanti Niketan, Vasant Vihar, Jaswant Place, Delhi Cantt. |
| 10 | M/s. Ruchika Agencies, 51-B, Laxmi Bai Nagar Market, New Delhi-110023. | Laxmi Bai Nagar, Sarojni Nagar, Kidwai Nagar, R.K. Puram, Lodi Colony, Naraji Nagar. |
| 11 | M/s. United Agencies, 3579, Netaji Subhash Marg, Daryaganj, Delhi-110002. | Daryaganj, Ajmere Gate, Ghandni Chowk, Sitaram Bazar, Jama Masjid, Lal Qila, Nai Sarak, Shahdara. |
| 12 | M/s. Khera Gas Service, 11, Roshanara Road, Delhi-110007. | Roshanara Road, Subzimandi, Tis Hazari, Sarai Rohilla, Shastri Nagar, Dayabasti, Motia Khan, Alipur Road, Kashmere Gate. |

**Explosion in goods train near Ahmedabad City**

4006. SHRI ANANT DAVE : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there was a big explosion in a goods train and its 19 bogies were derailed while it was passing through Naranpur, a crossing near Ahmedabad city ;

(b) whether there was any motivated act behind it ;

(c) the loss suffered by Railways due to this accident ; and

(d) whether any injury was caused to any person or damage done to private property ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE) : (a) There was no explosion in a goods train near Ahmedabad City. Derailment of 13 wagons of shunting goods train No. 657 Up on 19-6-1977 between Gandhigram and Sabarmati Railway Stations on Botad Sabarmati Metre Gauge Section of Bhavnagar Division was not due to any explosion.

(b) No.

(c) Cost of damage to Railway Property due to derailment on 19-6-1977 was was Rs. 64,000/- approximately.

(d) No injury was caused to any person. Cost of damage to goods was Rs. 5000/- approximately.

**Off-shore oil exploration in Kutch Area**

4007. SHRI ANANT DAVE : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether off-shore exploration in Kutch area has yielded any promising result from one exploratory well ;

(b) whether any decision for further exploration in that area has been taken ; and

(c) if so, the progress achieved in this regard ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H.N. BAHUGUNA) : (a) No, Sir.

(b) and (c) No, Sir. The results of the surveys carried out and of the well drilled in this area are being evaluated by the ONGC on which would depend the question of further oil exploration there.

**भण्डार विभाग (पूर्वोत्तर रेलवे) में पदों का भरा जाना**

4008. श्री हरिकेश बहादुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे के भण्डार-विभाग के विभिन्न डिपों में अनेक पदों के अब तक न भरे जाने के क्या कारण हैं ; और

(ख) इन पदों को कब तक भरा जायेगा ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) (क) और (ख). सामग्री लिपिकों के दो पदों और टिनस्मिथ के एक पद को पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति कर के भरने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा 260—400 रु० के वेतनमान में लिपिकों की नौ रिक्तियां हैं जिन्हें रेल सेवा आयोग से इस सम्बन्ध में पैनल प्राप्त होने पर भर दिया जायेगा।

### 10-15 वर्षों से एक ही स्टेशन पर काम करने वाले डाक्टर

4009. श्री हरिकेश बहादुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर स्थित मेडिकल विभाग के कुछ डाक्टर गत 10 से 15 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्य कर रहे हैं जबकि कुछ डाक्टरों का गत तीन वर्षों में तीन बार स्थानान्तरण हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या मेडिकल विभाग द्वारा स्थानान्तरण के लिए जो विकल्प मांगा जाता है उस पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया जाता और डाक्टरों को वह कार्य नहीं सौंपा जाता जिस में उन्होंने विशेष योग्यता प्राप्त कर रखी है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी हां, गोरखपुर के रेलवे अस्पताल में पांच डाक्टर 10 वर्ष से अधिक समय से कार्य कर रहे हैं। कोई भी डाक्टर तीन वर्ष में तीन बार स्थानान्तरित नहीं किया गया है।

(ख) किसी एक स्टेशन पर रेलवे डाक्टरों के टिकने की कोई अनन्य अवधि निर्धारित नहीं की गयी है। स्थानान्तरण समय-समय पर प्रशासनिक आवश्यकताओं को दृष्टि में रख कर किये जाते हैं ?

(ग) और (घ). स्थानान्तरण का आदेश देते समय डाक्टरों के अनुरोधों का ध्यान रखा जाता है। कुछ ऐसे मामलों को छोड़कर जिनमें परिस्थितिवश बिचलन आवश्यक हों, डाक्टरों को आमतौर पर उनके विशेष विषय के अनुरूप काम सौंपा जाता है।

### रेलवे कैंटीन द्वारा चाय देने के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले प्याले

4010. श्री हरिकेश बहादुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे केन्टीन में दो साइज के प्याले हैं जिसमें एक की क्षमता दो औंस है और दूसरे की क्षमता चार औंस है और क्रमशः चाय के लिए 15 पैसे तथा 30 पैसे लिये जाते हैं परन्तु जिन लोगों को इस अन्तर का पता नहीं है उनको दो औंस के प्याले में चाय दी जाती है परन्तु कीमत चार औंस वाले प्याले की वसूल की जाती है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या है और इस प्रकार लोगों को धोखा देने वालों को रेलवे प्रशासन का विचार क्या दण्ड देने का है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख). रेलवे स्टेशनों पर 150, 120, 100, 80 और 75 मिलीलिटर माप के कपों में चाय दी जाती है जिसके लिए क्रमशः 30, 25, 20, 17 और 15 पैसे लिए जाते हैं। सप्लाई की जाने वाली चाय की मात्रा के आधार पर मूल्य निर्धारित किए गए हैं। इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि चाय के पैसे ठीक लिए जाते हैं, स्टेशनों, स्टालों आदि पर दर सूचियां लगाई जाती हैं। जब कभी अधिक पैसे लिये जाने के मामले पकड़े जाते हैं, सख्त कार्रवाई की जाती है।